Edition : 4
Date : 25 June 2021
विक्रमी संवत् 2078 युगाब्द 5123
आषाढ कृष्ण एकम
khandelwalschool.com

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




## योग क्या है?

सामान्य भाव में योग का अर्थ है जुड़ना। दो तत्वों का मिलन योग कहलाता है। योग की पूर्णता इसी में है कि जीव भाव में पड़ा मनुष्य परमात्मा से जुड़कर अपने निजी आत्म स्वरूप में स्थापित हो जाए। योग करना मतलब एकजुट करना या एकत्रित करना। योग में आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से हम मन, श्वास और शरीर के विभिन्न अंगों में सामंजस्य बनाना सीखते है।योग सिर्फ़ आसनो तक सीमित नहीं है यह अपने मन, शरीर और श्वास की देखभाल करना है।योग सबसे पहले बाहरी शरीर को लाभ पहुँचाता है, जो ज़्यादातर लोगों के लिए एक व्यावहारिक और परिचित शुरुआत जगह है। जब इस स्तर पर असंतुलन का अनुभव होता है, तो अंग, मांसपेशियाँ और नसें सद्भाव में कम नही करते है, बल्कि वे एक-दूसरे के विरोध में कार्य करते है।

हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया जिसमें 35,985 लोगों और 84 देशों के लोगों ने दिल्ली के राजपथ में 21 आसन किए। जिसकी पहल प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई। उन्होंने 27 सितंबर 2014 को महासभा के भाषण में इसके संदर्भ में कहा कि:

> "योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है; मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है; विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह व्यायाम के बारे में नहीं है, लेकिन अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है। हमारी बदलती जीवन- शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। तो आयें एक अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को गोद लेने की दिशा में काम करते हैं।"
> — श्री नरेन्द्र मोदी, संयुक्त राष्ट्र महासभा


योग से मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से शरीर स्वस्थ रहता है। शरीर में चुस्ती फुर्ती आती है। योग करने से बीमारियां दूर होती है तथा शुगर व बीपी कंट्रोल भी होता है। गर्भावस्था में भी योग करना लाभदायक होता है। विद्यार्थियों के लिए भी योग का बहुत अधिक महत्व है योग करने से मानसिक तनाव दूर होता है जिससे अध्ययन में सहायता मिलती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कई देशों के लोग भागीदारी निभाते हैं जिससे पूरा विश्व इस दिन योगा करता है।

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## Yoga @ School


**on International Yoga Day**



**श्री खण्डेलवाल वैश्य केन्द्रीय**
**सीनियर माध्यमिक विद्यालय**
गंगा माता मंदिर, स्टेशन रोड, जयपुर
**प्रवेश प्रारम्भ 2021-22**
कक्षा छठीं से बारहवीं तक।
(विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय)

0141-2361488
info@khandelwalschool.com

# गुरुपूर्णिमा




हमारे देश में गुरूओं का बहुत सम्मान किया जाता है। क्योंकि एक गुरु ही है जो अपने शिष्य को गलत मार्ग से हटाकर सही रास्ते पर लाता है। पौराणिक काल से संबंधित ऐसी बहुत सी कथाएं सुनने को मिलती है जिससे ये पता चलता है कि किसी भी व्यक्ति को महान बनाने में गुरु का विशेष योगदान रहा है। इस दिन को मनाने के पीछे का एक कारण ये भी माना जाता है कि इस दिन महान गुरु महर्षि वेदव्यास जिन्होंने ब्रह्मसूत्र, महाभारत, श्रीमद्भागवत और अट्ठारह पुराण जैसे अद्भुत साहित्यों की रचना की उनका जन्म हुआ था। शास्त्रों में आषाढ़ी पूर्णिमा को वेदव्यास का जन्म समय माना जाता है।

इसलिए आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। और इस साल गुरु पूर्णिमा उत्सव 24 जुलाई को मनाया जाएगा। इस दिन सभी शिष्य अपने-अपने गुरूओं का आशीर्वाद लेते हैं और उन्होंने अब तक जो कुछ भी दिया है उसके लिए धन्यवाद करते हैं।

## महत्व:

गुरू के बिना एक शिष्य के जीवन का कोई अर्थ नहीं है। रामायण से लेकर महाभारत तक गुरू का स्थान सबसे महत्वपूर्ण और सर्वोच्च रहा है। गुरु की महत्ता को देखते हुए ही महान संत कबीरदास जी ने लिखा है- "गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाये, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो मिलाये।" यानि एक गुरू का स्थान भगवान से भी कई गुना ज्यादा बड़ा होता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व महार्षि वेद व्यास के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। वेदव्यास जो ऋषि पराशर के पुत्र थे। शास्त्रों के अनुसार महर्षि व्यास को तीनों कालों का ज्ञाता माना जाता है। महार्षि वेद व्यास के नाम के पीछे भी एक कहानी है। माना जाता है कि महार्षि व्यास ने वेदों को अलग-अलग खण्डों में बांटकर उनका नाम ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद रखा। वेदों का इस प्रकार विभाजन करने के कारण ही वह वेद व्यास के नाम से प्रसिद्ध हुए।

## कैसे मनाएं गुरु पूर्णिमा:

गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुओं का पूजन किया जाता है। गुरु का हमारे जीवन में महत्व को समझाने के लिए गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा पर लोग अपने गुरुओं को उपहार देते हैं और उनकाआर्शीवाद लेते हैं। जिन लोगों के गुरु अब इस दुनिया में नहीं रहे वे लोग भी गुरुओं की चरण पादुका का पूजन करते हैं। माना जाता है कि इस दिन गुरुओं का आर्शीवाद लेने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। शास्त्रों में गुरु को परम पूजनीय माना गया है।

Edition : 4 | Date : 25 June 2021 | विक्रमी संवत् 2078 युगाब्द 5123 | आषाढ कृष्ण एकम
khandelwalschool.com

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## भारत की नदियाँ :– नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, एवं कावेरी।

By - Prashant Mourya (Class - 6)

नर्मदा नदी का उदगम स्थल - अमरकंटक से निकलकर अरब सागर तक।
. बहाव - ओंकारेष्वर, मान्धाता, शुक्ल तीर्थ, भेड़घाट, जबलपुर, कपिलधारा आदि।
. सती अनुसूया का मन्दिर भी पास ही बना है।
. लम्बाई - 1300 कि.मी.

गोदावरी नदी का उदगम स्थल ब्रह्मगिरी (त्रयंबकेष्वर, नासिक) से निकलकर गंगासागर में मिलती है।
. बहाव - पंचवटी, पैठण, राजमहेन्द्री, भद्राचलम, नान्देड़, कोटा , पल्ली आदि।
यह दक्षिण भारत की गंगा भी कहलाती है।
. लम्बाई - 1450 कि.मी.

कृष्णा नदी का उदगम स्थल सह्याद्रि पर्वत माला में महाबलेष्वर के उत्तर में स्थित कराड नामक स्थान से निकलकर गंगासागर मे मिलती है।
. बहाव - सतारा, सांगली, रायचूर, विजयवाड़ा, नागार्जुन सागर।
. लम्बाई - 1280 कि.मी.

कावेरी नदी का उदगम स्थल कुर्ग जिले (सह्याद्रि पर्वत) से निकलकर सागर मे मिलती है।
. बहाव - श्रीरंगपत्तन, शिव समुद्रम, श्रीरंगम, तंजाबूर, कुंभकोणम, त्रिचिरापल्ली।
. लम्बाई - 800 कि.मी.

## दिवस, त्यौहार जयंती

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25 जून | गुरू हरगोविंद सिंह जयंती | 16 जुलाई | मनसा पूजा प्रारम्भ |
| 27 जून | विश्व मधुमेह दिवस | 18 जुलाई | श्री हरि जयंती, भडल्या नवमीं |
| 11 जुलाई | विश्व जनसंख्या दिवस | 23 जुलाई | हरकिशन जयंती. वायु परीक्षा सांय |
| 13 जुलाई | मत्यर दिवस कश्मीर | 24 जुलाई | गुरू पूर्णिमा, जैन आधाईपू, सत्यव्रत |
| 15 जुलाई | सांई टेऊँराम जयंती | | |

PHRC PILES HOSPITAL & RESEARCH CENTER

DR. DINESH SHAH
M.S, FAIS, FIAGES, FACRSI,
FISCP, FACS (USA)

DR. ANSUL SHAH
M.B.B.S, MS

The best super specialty ano-rectal surgery hospital in North India.
This is 1 km inside from main Sikar Road.
7 km from Railway Station and Central Bus Stand.

+91-141-2334959 drdineshshah@pilesclinic.com



G-24, Unnati Tower,Central Spine Vidyadhar Nagar, Jaipur

The KVC Voice
By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

# पिछले छः माह के दानदाताओं की सूची

| क.सं. | नाम | राशि |
|---|---|---|
| 1. | श्री भवानी शरण खूटेंटा | 21,000.00 |
| 2. | श्री राम मनोहर बटवाडा | 21,000.00 |
| 3. | श्री भानू प्रताप खूटेंटा एवं सहयोगी श्री गिर्राज खूटेंटा | 21,000.00 |
| 4. | श्री गिर्राज खूटेंटा पुत्र श्री कपिल खूटेंटा | 11,000.00 |
| 5. | श्री श्याम खूटेंटा पुत्र श्री कपिल खूटेंटा | 11,000.00 |
| 6. | श्री बाबूलाल आटोलिया | 21,000.00 |
| 7. | श्री अशोक कुमार गुप्ता | 6,000.00 |
| 8. | श्री सुनीता गुप्ता (पाटोदिया) | 5,000.00 |
| 9. | श्री आनन्द बिहारी घीया | 21,000.00 |
| 10. | श्री दीपक खण्डेलवाल | 11,000.00 |
| 11. | डॉ. अनिल ताम्बी | 4,100.00 |
| 12. | श्री रामकिशोर डंगायच | 5,100.00 |
| 13. | श्री बृजबिहारी दुसाद | 21,000.00 |
| 14. | श्री ताराचन्द भुखमारिया | 7,000.00 |
| 15. | श्री तुषार खण्डेलवाल | 7,000.00 |
| 16. | श्री अक्षय खण्डेलवाल | 7,000.00 |
| 17. | श्री रामकिशोर बूसर | 21,000.00 |
| 18. | श्री जगदीश प्रसाद | 21,000.00 |
| 19. | डॉ. गौरव कूलवाल | 10,000.00 |
| 20. | श्री सुरेश बडाया | 21,000.00 |
| 21. | श्री आभाष खण्डेलवाल | 21,000.00 |
| 22. | डॉ. किशन सिंह | 21,000.00 |
| 23. | डॉ. श्रीनाथ ताम्बी | 21,000.00 |
| 24. | डॉ. मुकेश खण्डेलवाल | 11,000.00 |

Edition : 4 | Date : 25 June 2021 | विक्रमी संवत् 2078 युगाब्द 5123 | आषाढ कृष्ण एकम

khandelwalschool.com

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## स्मरणीय



**25 जून** — जन्मदिवस

कांतिकारी दामोदर
हरी चाफेकर




**25 जून** — आपातकाल लागू

भारतीय लोकतंत्र
के लिए काला दिवस



**26 जून** — जन्मदिवस

कोल्हापुर के राजा
शाहू महाराज



**26 जून** — जन्मदिवस

वंदेमातरम् के रचेयता
बंकिमचंद्र चटोपाध्याय



**27 जून** — जन्मदिवस

भारत की उडनपरी
पी.टी. उषा



**27 जून** — निर्वाणदिवस

मराठी सेनापति
धनाजी जाधव



**27 जून** — निर्वाणदिवस

सिख सम्राज्य के संस्थापक
महाराजा रणजीतसिंह



**28 जून** — जन्मदिवस

दानवीर भामाशाह
जन्मदिवस




**28 जून** — निर्वाणदिवस

प्रसिद्ध भारतीय संख्याशास्त्रज्ञ
प्रशांतचंद्र महालनोबिस



**29 जून** — पुण्यतिथि

आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष
स्वामी ध्रुवानन्द सरस्वती



**29 जून** — जन्मदिवस

कांतिकारी
राजेन्द्रनाथ लाहिरी



**29 जून** — बलिदानदिवस

वीर चक्र सम्मानित
केप्टन विजयंत थापर

**SHRI KHANDELWAL VAISHYA**
CENTRAL UPPER PRIMARY SCHOOL

AN ENGLISH MEDIUM CO-EDUCATIONAL SCHOOL

**ADMISSIONS OPEN 2021-22**

0141-2361488
info@khandelwalschool.com
Station Road, Jaipur.

PLAY GROUP TO VIII

ONLINE REGISTRATION



The KVC Voice
By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

# स्मरणीय


**30 जून | जन्मदिवस**
लक्ष्मीबाई केलकर
तिथि अनुसार


**30 जून | निर्वाणदिवस**
दादाभाई नवरोजी


**30 जून | जन्मदिवस**
नेपाल के वीर राजा
विक्रम शाह त्रिभुवन


**30 जून | जन्मदिवस**
भारतीय रसायनशास्त्री
भारत रत्न सी.एन.आर.राव


**01 जुलाई | जन्मदिवस**
कल्पना चावला


**01 जुलाई | जन्मदिवस**
भारतरत्न
विधानचंद्र राय


**01 जुलाई | जन्मदिवस**
क्रांतिकारी मदनलाल ढींगरा
ने कर्जन वायली का वध किया


**02 जुलाई | जन्मदिवस**
कन्नड साहित्यकार
फकिरप्पा हलकटी


**02 जुलाई | जन्मदिवस**
सिद्धियोगी स्वामी राम


**03 जुलाई | जन्मदिवस**
आधुनिक संत
गुरू रानडे


**03 जुलाई | बलिदानदिवस**
परमवीर चक्र विजेता
कैप्टन मनोज पांडेय


**03 जुलाई | जन्मदिवस**
स्वातंत्र सैनिक
सुनीता देशपांडे


**03 जुलाई | समाधिदिवस**
संत नामदेव


**03 जुलाई | जन्मदिवस**
विरक्त संत स्वामी
रामसुखदासजी


**03 जुलाई | जन्मदिवस**
प्रार्थना समाज के
संस्थापक मामा परमानंद


**04 जुलाई | जन्मदिवस**
क्रांतिकारी
अल्लुरि सीताराम राजू

khandelwalschool.com

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## स्मरणीय



04 जुलाई | निर्वाणदिवस

मराठा नौसेना प्रमुख
कन्होजी आग्रे



04 जुलाई | पुण्यतिथि

युग प्रवर्तक
स्वामी विवेकानंद




06 जुलाई | जन्मदिवस

संत
गुलाबराओ महाराज




06 जुलाई | जन्मदिवस

चौदवे दलाई लामा
तेनजिंग ज्ञात्सो



06 जुलाई | जन्मदिवस

भारतीय जनसंघ के संस्थापक
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी



07 जुलाई | जन्मदिवस

सिखों के आठवें गुरू
गुरू हरकिशन



07 जुलाई | जन्मदिवस

रणथम्भौर के राजा
राव हम्मीर देव चौहाण



07 जुलाई | बलिदानदिवस

कारगिल युद्ध के अमर बलिदानी
केप्टन विक्रम बत्रा




08 जुलाई | जन्मदिवस

स्वातंत्र्य वीर सावरकर की
समुद्र में ऐतिहासिक छलांग



08 जुलाई | विजयदिवस

टाइगर हिल की जीत



09 जुलाई | पुण्यतिथि

विठल भक्त जैतुनबी



09 जुलाई | जन्मदिवस

स्वातंत्र सैनिक
सुनीता देशपांडे



10 जुलाई | विद्रोहदिवस

ब्रिटीश सेना के विरूद्ध
वेलुर विद्रोह



10 जुलाई | निर्वाणदिवस

भोजपुरी भाषा के
शेक्सपिअर भिखारी ठाकूर



11 जुलाई | जन्मदिवस

स्वतंत्रता सेनानी पहाडी
गांधी बाबा काशीराम



11 जुलाई | निर्वाणदिवस

परमवीर चक्र विजेता
मेजर रामराव राघोबा राणे

Edition : 4
Date : 25 June 2021
विक्रमी संवत् 2078 युगाब्द 5123
आषाढ कृष्ण एकम
khandelwalschool.com

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## स्मरणीय



**11 जुलाई | जनसंख्यादिवस**

विश्व जनसंख्या दिवस




**12 जुलाई | पुण्यतिथि**

फ्री स्टाइल बॉक्सिंग
चैंपियन दारा सिंह



**12 जुलाई | विजयदिवस**

महाराजा रणजीत सिंह
ने लाहौर जीता



**13 जुलाई | बलिदानदिवस**

वीर योद्धा
बाजीप्रभू देशपांडे



**13 जुलाई | निर्वाणदिवस**

स्वातंत्र्य सैनिक
महर्षि न्यायरत्न विनोद



**14 जुलाई | पुण्यतिथि**

राष्टीय स्वयंसेवक संघ के
चौथे सरसंघचालक प.पू. रज्जूभैया



**14 जुलाई | जन्मदिवस**

केसरी के पहले संपादक
गोपाल गणेश आगरकर



**14 जुलाई | निर्वाणदिवस**

आध्यात्मिक गुरू
स्वामी शिवानंद सरस्वती



**15 जुलाई | जन्मदिवस**

नारी उत्थान को समर्पित
दुर्गाबाई देशमुख



**15 जुलाई | बलिदानदिवस**

1962 चीन के साथ युद्ध
में शहीद हुए करमचंद



**16 जुलाई | जन्मदिवस**

स्वतंत्रता सेनानी भारतरत्न
अरूणा आसिफ अली



**16 जुलाई | जन्मदिवस**

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य
स्वामी शांतानंद सरस्वती



**16 जुलाई | सफाईदिवस**

जल सेवक संत
बलवीरसिंह सींचेवाल



**18 जुलाई | बलिदानदिवस**

परमवीर चक्र विजेता
फलाइंग पिरूसिंग शेखावत



**18 जुलाई | जन्मदिवस**

सब के शंकराचार्य
पूज्य स्वामी जयेंद्रसरस्वती



**18 जुलाई | जन्मदिवस**

विश्व हिंदू परिषद क प्रथम
अध्यक्ष जयचामराज वाडियार

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## स्मरणीय



**18 जुलाई | बलिदानदिवस**

राष्ट्रभक्त अब्दुल हमीद कैसर लखपति



**19 जुलाई | समाधिदिवस**

संत विसोबा खेचर



**19 जुलाई | जन्मदिवस**

कांतिकारी मंगल पांडे



**19 जुलाई | निर्वाणदिवस**

वडोदरा के महाराजा प्रतापसिंह गायकवाड



**19 जुलाई | जन्मदिवस**

प्रसिद्ध भारतीय भैतिक वैज्ञानिक श्री जयंत विष्णु



**20 जुलाई | पुण्यतिथि**

महान कांतिकारी बटुकेश्वर दत्त



**20 जुलाई | जन्मदिवस**

धर्म रक्षक महाराणा भगवत सिंह



**21 जुलाई | पुण्यतिथि**

थार की लता रूक्मा मांगणियार



**21 जुलाई | जन्मदिवस**

विद्यावान कवि उमाशंकर जोशी



**21 जुलाई | जन्मदिवस**

विद्या भारती के स्तंभ लज्जाराम तोमर



श्री
SUPER EMINENT SOFTWARES

Website Started From
1999/-

Our Services
+91 811 8814 148

- Software Development
- Social Media Images
- Web Sites Designing
- Bulk SMS Services
- Web Application Development
- Mobile Application

Contact Us Today For Website Development

www.technoses.com
sales@technoses.com

Edition : 4
Date : 25 June 2021
विक्रमी संवत् 2078 युगाब्द 5123
आषाढ कृष्ण एकम
khandelwalschool.com

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## स्मरणीय



**22 जुलाई | बलिदानदिवस**

शहीद वीर पायलेट
इंद्रलाल रॉय



**23 जुलाई | जन्मदिवस**

लोकमान्य तिलक



**23 जुलाई | जन्मदिवस**

चंद्रशेखर आजाद



**23 जुलाई | बलिदानदिवस**

आजाद हिन्द सेना की
केप्टन लक्ष्मी सहगल



**24 जुलाई | बलिदानदिवस**

नरसिंह के शेर
कुंवर चैनसिंह



**24 जुलाई | जन्मदिवस**

विप्रो के चेयरमेन
अजीम प्रेमजी



**24 जुलाई | जन्मदिवस**

हैदराबाद मुक्ति संग्राम के
स्वतंत्रता सैनिक गोविन्दभाई श्रॉफ



khandelwalschool.com

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## Collarge


MAHINOOR
Class I


PARIDHI SAINI
Class II


ABHISHEK GURJAR
Class VII


MANOHAR SAINI
Class VII

## Story Time

Mayank
Class x

### Crows in the kingdom

One day Emperor Akbar and Birbal were taking a walk in the palace gardens. It was a nice summer morning and there were plenty of crows happily playing around the pond. While watching the crows, a question came into Akbar's head. He wondered how many crows were there in his kingdom.

Since Birbal was accompanying him, he asked Birbal this question. After a moment's thought, Birbal replied, "There are ninety-five thousand four hundred and sixty-three crows in the Kingdom".

Amazed by his quick response, Akbar tried to test him again, "What if there are more crows than you answered?" Without hesitating, Birbal replied, "If there are more crows than my answer, then some crows are visiting from other neighbouring kingdoms". "And what if there are less crows", Akbar asked. "Then some crows from our kingdom have gone on holidays to other places".

Moral: There is always a way if you think with ease.

## STUDENT'S BIRTHDAY

| S.N | STUDENT NAME | DOB |
|---|---|---|
| 1 | PIHU SAINI | 25/06/2015 |
| 2 | MO. TOHID | 25/06/2016 |
| 3 | PARIDHI KHANDELWAL | 05/07/2014 |
| 4 | ALISHA | 07/07/2016 |
| 5 | MOHAMMED AHIL KHAN | 07/07/2015 |
| 6 | NISANT SAINI | 07/07/2016 |
| 7 | HASNEN | 10/07/2012 |
| 8 | DEVRAJ SINGH RATHORE | 10/07/2011 |
| 9 | MOHAMMAD RAZA KHAN | 18/07/2011 |

## Jokes & Poem Corner

टीचरः- "क्लास में लडाई क्यो नहीं करनी चाहिए..?"
संजूः- "क्योंकि पता नहीं एग्जाम में कब किसके पीछें बैठना पढ जाये...!"

टीचरः- एक टोकरी में 10 आम थे,
3 सड गये तो कितने आम रहे?
पप्पूः- 10
टीचरः- वो कैसे?
पप्पूः- जो सड गये वो भी तो आम ही रहेंगे।
सडने से केले थोड़ी ना बन जायेंगे।

### रोनक बैरवा (कक्षा 6)

#### आओं एक शिक्षित समाज बनाएं

आओं एक-जुटकर होकर सब,
एक शिक्षित समाज बनाएं,
संकुचित विचारों वाली मानसिकता को,
सबके मन से मिटायें।
धर्म-जाति का मेल मिटे सब,
बस मानव धर्म हो सर्वोपरि,
जिससे हो सके समाज में,
एक नई चेतना और जागृति।
शिक्षित कर विचारों को सबके,
मनुष्यता का पाठ पढ़ाकर,
आओ सब मिलकर फिर से,
अपना कर्तव्य निभाएं।
ऐसे करे जागरुक सबको,
जिससे समाज में हो परिवर्तन,
शुद्ध, सुदृढ़ मानसिकता के संग,
एक नए विश्व का पर्दापण।
एक नए स्वप्न को पूरा करने,
एक नया जागरण लाने को,
आओं एक संकल्प उठाकर,
आगे कदम बढ़ाए।

# The KVC Voice
By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## Editor's Panel

**Dr Dinesh Shah**
Colorectal Surgeon
Piles Hospital & Research Centre
Jaipur
(Secretary, Shree Khandelwal Vaishya Central Sr Sec School Management Committee)

**Mr. Kushal Pal Singh**
Principal
Shree Khandelwal Vaishya
Central Sr Sec School Jaipur

**Varsha Gupta**
PGT Economics
Experience 15 years

**Dr. Rakesh Gupta**
Professor & Dean, Student Welfare
Poornima University Jaipur

**Kailash Prasad Gupta**
Additional Chief Block Education Officer
Samagra Shiksha Mahwa,
Dausa Rajasthan

**Peeyush Shah**
Software Engineer
Super Eminent Softwares
Jaipur

## प्रश्नोत्तरी

1. पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं?
अ. दैनिक गति के कारण    ब. वार्षिक गति के कारण
स. छमाही गति के कारण    द. तिमाही गति के कारण

2. सबसे बडा ग्रह है?
अ. बहृस्पति    ब. पृथ्वी
स. युरेनस    द. शुक्र

3. सबसे छोटा ग्रह है?
अ. मंगल    ब. शनि
स. बुध    द. नेप्चून

4. अगुलहास धारा किस महासागर में बनती है?
अ. प्रशान्त महासागर में    ब. हिन्द महासागर में
स. आर्कटिक महासागर में    द. अन्य

5. पृथ्वी का सबसे भीतर वाला भाग क्रोड कौनसा बना होता है?
अ. ताँबा और जस्ता    ब. निकेल और ताँबा
स. लौहा और जस्ता    द. लौहा और निकेल

6. मैंगनीज के उत्पादन में भारत का दुसरा स्थान है, प्रथम देश कौनसा है?
अ. फ्रांस    ब. रूसी संघ
स. कनाडा    द. संयुक्त राज्य अमेरिका

7. निम्नलिखित में से कौन देश कोयले का सबसे बडा उत्पादक है?
अ. ब्राजील    ब. भारत
स. चीन    द. अमेरिका

8. इनमें किसको जापान का मैनचेस्टर कहा जाता है?
अ. ओसाका    ब. टोकियो
स. नागासाकी    द. याकोहामा

9. भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान Deccan Educational Society नामक संस्था की स्थापना किसने की थी?
अ. जवाहर लाल नेहरू    ब. रवीन्द्र नाथ टैगोर
स. बाल गंगाधर तिलक    द. व्योमेश चन्द्र बनर्जी

10. 1857 के गदर के समय भारत का गर्वनर जनरल कौन था?
अ. लॉर्ड केनिंग    ब. नील आर्मस्ट्रांग
स. जॉन मथाई    द. अन्य

### Edition 3 के प्रश्नोत्तरी के उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. ब | 2. द | 3. स | 4. ब | 5. अ |
| 6. स | 7. ब | 8. स | 9. द | 10. द |

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## Alumni's Birthday



### Sunil Khandal

CA,L.L.B
Khandal & Associates
Chartered Accountants

28 June 1978

9799298301




### Pushpendra khandelwal

Senior Charted
Accountant and Partner
of Pk and Associates

30 June

9414058925



### Mukesh Kumar Pipliwal

Presently service in
Rajasthan State
Cooperative Land
Development Bank

30 June

9251815339




### Ramesh Kumar Agarwal

Working in BSNL as
AGM currently at BSNL
Corporate office
New Delhi

01 July 1972

9414001462



### Amit Dusad

Distributor for Luggage,
Home Furnishings,
New Born items

02 July 1976

9828110752



### Dr K L Agarwal

Cardiac anesthesiologist
In global heart and
general hospital, Jaipu

05 July 1971

9829068575




### Krishan Murari Gupta

Ret.Deputy secretary.
Rajasthan Vidhan sabha.

08 July 1952

9414778861



### Ramesh Badaya

Past President all
India Khandelwal
mahasabha jaipur
Industrialist in Mumbai

19 July 1953

9323287552



### Vikram Sharma

Head of Center for
Data Engineering, Nokia

22 July

9650294223

Edition : 4 | Date : 25 June 2021 | विक्रमी संवत् 2078 युगाब्द 5123 | आषाढ कृष्ण एकम

khandelwalschool.com

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## Alumni's Marriage Anniversay



**Jitendra Khandelwal**

Aluminum and Upvc door windows manufacture and structural Glazing and ACP work

27 June

9314012376



**Mukesh Khandelwal**

28 June

9414060204



**Alok Khandelwal**

Finances and accounts

03 July

9414074190



**Anjani Kumar Baheti**

Rajendra Trading Company

05 July

931451a2591



**Rajesh Kumar khandelwal**
**Pushplata khandelwal**

Real estate brokerage and construction work

13 July 1997

9829064105

श्री खण्डेलवाल वैश्य केन्द्रीय
सीनियर माध्यमिक विद्यालय
गंगा माता मंदिर, स्टेशन रोड, जयपुर
प्रवेश प्रारम्भ 2021-22
(विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय)
0141-2361488
info@khandelwalschool.com
Station Road, Jaipur.


# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School



## अतुल्य भारत

This is the magnificent Karneshwar Mandir at Sangameswar in Ratnagiri district of Maharashtra. It is believed that Raja Karna from the Karvir dynasty built this Mandir almost 1600 years ago. For centuries this ancient Hemadpanti style Mandir adorns the confluence of the Alaknanda, Varuna and the Shastri rivers at Sangameshwar. The Temple is said to be one of the most beautiful Temples amongst all of Konkan region.

## From Alumni's Desk

मैं अजय कुमार शर्मा, खण्डेलवाल स्कूल से १९८३ में पास आउट हूँ। आज भी में स्कूल जाता हु तो ऐसा लगता है की कल की ही बात है! में 30 वर्षो से बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का वर्क करता हूँ में खण्डेलवाल स्कूल में भूतपूर्वछात्र प्रतिनिधि के पद पर भी हूँ मुझे प्रसन्नता और गर्व है। कि इसी विद्यालय के न जाने कितने सैंकड़ों विद्यार्थी आज अपने परिवार, शहर, देश और विदेश में अपनी खास उपलब्धियों द्वारा स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं।



अजय कुमार शर्मा
भूतपूर्व विद्यार्थी (बैच 1992)

इनमें कोई डॉक्टर है, इंजीनियर हैं, कोई उद्योगपति है, कोई राजनीति में है, कोई पत्रकार है, कोई राजकीय सेवा में ऊँचे पद पर रहकर सफलता के परचम लहरा रहा हैं। ये सभी अपने बेहतरीन कार्यों से परिवार, समाज व राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। विद्यालय मे वर्तमान एल्युमनाई के आयोजन किया गया। समारोह के दौरान वर्ष 1930 से लेकर 1995 तक के बैच के विद्यार्थियों ने एक-दूसरे से अपने विचार साझा किए। अनेक विद्यार्थियों को मंच पर विचार प्रकट करने के लिए आमंत्रित भी किया गया। इन विद्यार्थियों ने अपने पुराने स्कूली दिनों की शरारत भरी घटनाओं की चर्चा की तो, सभी की आंखे नम हो गई। मगर सभी ने एक स्वर में यह माना कि जो पढ़ाई का जो शानदार दौर उस समय था। इतने वर्षों में दो बार संपन्न हुए इस एल्युमनाई ने नए-पुराने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों पर अपनी अमिट छाप छोडी है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

## From Alumni's Desk



CA रविन्द्र बडाया
L.L.B, C.S, C.A, (ISA)
बडाया एण्ड कम्पनी
भूतपूर्व विद्यार्थी (बैच 1982)

### खुला पत्र अपने साथियों के नाम

वो खण्डेलवाल स्कूल का यादगार जमाना पढाई के साथ साथ दोस्तो के साथ मस्ती, खेल-कूद, हंसी-मजाक, एक-दुसरे से ज्यादा नम्बर लाने की प्रति स्पर्धा एवं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अवार्ड पाने की लालसा इन सब बातों को वैसे तो लगभग चालीस बीत चुके है। लगता ऐसा है कि मानो ये कल की सी बाते हो। भला समय को कौन रोक सकता है इसका तो काम ही निरन्तर चलते रहना है।

स्कूल के यार दोस्तों के साथ न जाने कितनी मन को सुकुन देने वाली सुनहरी यादें रह रह कर आज भी मेरे जहन मे आती रहती है। वो स्कूल का अन्तिम दिवस, बडे होकर व्यापार में लगना इन

मैं बडा खुशनसीब हू कि मुझे स्कूल की प्रबन्ध समिति में अध्यक्ष पद पर मुझें अपनी सेवायें देने का मौका मिला मेरे अध्यक्ष पद के कार्यकाल के दौरान अनेको बार स्कूल में आना जाना रहा।

जब भी मेंरा स्कूल प्रांगण में आना होता अनायास की मेरी आंखो क सामने अपनी क्लास रूम का चित्र, खेलने यार दोस्तो के साथ बातचीत खेलने की यादे, बहुत से पुराने मित्रो की तस्वीर व बहुत सी बाते आंखों के सामने आ जाती थी अपनी इन्हीं यादों के कारण मेरे कार्यकाल मे दो बार पुराने दोस्तो का सम्मेलन किया जिसमें मुझे अपने बहुत से साथियो से पुनः मिलने जुडने का मौका मिला।

वह पल मेरी जिन्दगी के अविस्मणीय पल है।

मुझे यह प्रसन्ता है कि इस विद्यालय के न जाने कितने विद्यार्थी डॉक्टर, सीए, सी.एस, इन्जिनियर, उद्योगपति, पत्रकार, राजकीय सेवा में तथा राजनीति मे अपनी अपनी क्षमताओं से देश की सेवा कर रहे है। व स्कूल का नाम रोशन कर रहे है। आज का युग तकनीकी का युग है एक छोटे से स्मार्ट फोन से पूरी दुनिया समाई हुई है।

आज स्मार्ट फोन ने हमारे बहुत से काम सरल कर दिये है। तथा आपस की दुरियो को भी कम कर दिया है। व्हाट्अप के कारण आज कई पुराने मित्र मुझसे मिले, अपने विचार आदान प्रदान करते है जिससे दुरिया पुनः नजदीकी में बदल गयी वर्तमान स्कूल का वातावरण व पुराने स्कूल के वातावरण में काफी भिन्नता है तथा दोने में तुलना करना सम्भव नहीं है। क्योकि वक्त के अनुसार वर्तमान वातावरण बदल चुका है। लेकिन वो दिन तो वो दिन ही थे। उस वक्त हम खींचते थे एक वक्त हमारा भी होगा, और आज सोचते है वो भी क्या वक्त था। समय की मांग व आवश्यकता को देखते हुए आज स्कूल अंग्रजी माध्यम से पढाई करवा रहीं है वर्तमान की आवश्यकता के अनुसार सभी सुविधायें जुटाई गई है इसके लिए विद्यालय के प्रायार्य श्री कुशल पाल सिंह प्रबन्ध समिति को देता हूँ मेरा स्कूल में जाने पर जो अनुभव आपसे साझा किया है मैं अपने पुराने साथियों से जरूर चाहूंगा कि जब भी मौका मिले एक बार अपनी स्कूल में जरूर आवे।

गंगा मैया व विद्यालय के इस प्रांगण में आपको पुरानी सारी यादे ताजा हो जायेगी।

Chartered Accountant
CA Ravindra Badaya
Badaya & Company
Mob:- 9829063867

Edition : 4 | Date : 25 June 2021 | विक्रमी संवत् 2078 युगाब्द 5123 | आषाढ कृष्ण एकम
khandelwalschool.com
# The KVC Voice
By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## From Alumni's Desk



CA पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल
पूर्व सचिव, स्कूल कमेटी
वर्तमान में उपाध्यक्ष।
भूतपूर्व विद्यार्थी (बैच 1982)

### लगता है जैसे कल की बात हो!

जब कभी मैं एकांत में, फुरसत के क्षणों में बैठा होता हूँ तो अक्सर अपने स्कूल के दिनों में खो जाता हूँ । जहाँ तक मुझें लगता है अधिकतर लोगों को अपने वो सुनहरे स्कूली दिन याद रहते होंगे। इन यादों में हमें केवल मोटा-मोटा ही स्मरण रहता है, लेकिन जितना भी याद रहता है। वास्तव में उसे भूला पाना बहुत कठिन ही नहीं, असंभव भी होता है। आखिर मैं भी कैसें भूल जाऊँ वो खण्डेलवाल स्कूल के यादगार भरे दिन। वो दिन है ही इतने बेशकीमती कि लाखो-करोड़ों खर्च कर के भी उन्हें कोई खरीददार खरीद नहीं सकता। वो तो भला हो 'व्हाट्स-अप' का, जिसने खोए हुए मित्रों को मिलाने ने में अहम योगदान दिया।

आज जब उन स्कूली दिनों के बारे सोचता हूँ मन भाव-विभोर हो उठता है। आज भी आँखों के समक्ष वो विद्यालय की बड़ी-चौड़ी कक्षाएँ खेल के दो बड़े मैंदान, विशाल पुस्तकालय, दौड़ते-खेलते, शैतानी करते, लंगोटिया मित्रों के साथ खेलघण्टी (इंटरवेल) में स्कूल से बाहर जाकर खूब शैतानी करना। उस समय के अनभुवी व प्रतिभाशाली शिक्षकों द्वारा वो पढ़ने का तरीका दिल को छू जाता था। उस समय शिक्षा-पद्धति हर प्रकार से विद्यार्थी के लिए उपयोगी हुआ करती थी। इसी का परिणाम है कि विद्यालय के न जाने कितने सैंकड़ों विद्यार्थी आज अपने परिवार, शहर, देश और विदेश में अपनी खास उपलब्धियों द्वारा स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें कोई डॉक्टर है, इंजिनियर हैं, सीए हैं, तो कोई उद्योगपति है, कोई राजनीति में है, कोई पत्रकार है, कोई राजकीय सेवा में ऊँचे पद पर रहकर सफलता के परचम लहरा रहे हैं।

मुझें प्रसन्नता और गर्व है कि संस्था ने मुझें स्कूल कमेटी में पहले सचिव पद पर नियुक्त किया तब हमने विद्यालय की स्थितियां देखी तो यह महसूस किया विद्यालय भवन पुराना हो चुका है अतः सबसे पहले इसका नवीनीकरण करवाया जावें इस कार्य हेतु मैंने और हमारे अध्यक्ष श्री रविन्द्र जी बडाया व सदस्य श्री महेष गुप्ता जी ने एक एक कमरें का नवीनीकरण करवाकर कार्य प्रारम्भ किया हमारे कार्यकाल में हमारी समिति के उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश शाह जी ने सरस्वती माता का मन्दिर व छात्र/छात्राओं के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था के लिए जल मंदिर का निर्माण किया, उपरोक्त कार्य के साथ ही विद्यालय का नवीनीकरण कार्य प्रारम्भ हो गया है जो कि समाज बंधुओं व स्कूल के पूर्व छात्रों के सहयोग से निरन्तर रूप से चल रहा हैं। अब मैं वर्तमान में उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत हूँ। सभी पुराने मित्रों व स्कूल कमेटी के अन्य दूसरे सदस्यों के सहयोग से विद्यालय के प्रति मेरा जो भी दायित्व है, उसे मैं बखूबी निभा रहा हूँ।

मुझें विश्वास है कि स्कूल कमेटी के सभी सदस्यों के सहयोग से प्रधानाचार्य श्री कुशलपाल सिंह विद्यालय के अतीत के गौरव को पुनः स्थापित करेंगे और विद्यालय फिर से नई बुलंदिया छूऐगा।
इन्हीं शुभकामनाओं के साथ!

हार्दिक शुभकामनाओं सहित।
Chartered Accountant
**CA Pushpendra Khandelwal**
Partner Of Khandelwal And Associates Jaipur
Mob:- 9414058925

The KVC Voice
By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## From Alumni's Desk



विदुर पटेल
भूतपूर्व विद्यार्थी (बैच 1992)

### दोस्ती की चादर ओढ़े रखिए

"ये दौलत भी ले लो, ये शोहरत भी ले हो.....।" प्रसिद्ध गजल गायक जगजीत सिंह की गीत की ये पंक्तियाँ मुझे ही नहीं लगभग हर व्यक्ति को उसके सुनहरे और अनमोल बचपन में ले जाती है। जब बचपन, किशोरावस्था में प्रवेश करता है, तो उसे धीरे-धीरे हर बात की समझ होने लगती है।कुछ ऐसी ही उम्र की वो स्कूल की यादें आज भी मेरे मन-मस्तिष्क में किसी अमिट स्याही की तरह अंकित है। तीस साल पहले जिस खण्डेलवाल स्कूल को छोड़ा था

किसी भी विद्यार्थी के लिए स्कूल के सबसे यादगार दो पल होते हैं-एक इण्टरवेल ओर दूसरी छुट्टी। यही वो पल होते हैं, जब आप अपने खास दोस्तों के साथ शरारतें करते हैं, खूब सारी बातें करते हैं, अध्यापकों की बातें करते हैं, क्लास-रूम की बात करते हैं, पढ़ाई की बातें करते हैं, बेमतलब की शर्तें लगाते हैं, जेब में पैसे होते हुए भी दूसरे दोस्त को चीज खिलाने के लिए कहते हैं। आज जब इन सारी बातों की चर्चा कर रहा हूँ, तब मुझे मेरे उन दो दोस्तों की याद आती है, जो आज हमारे बीच नहीं है-नरेन्द्र सिंह राठौड़ ओर गोविंद गुप्ता। नरेन्द्र सिंह का एक सड़क दुर्घटना में युवावस्था में जाना, आज भी किसी को सहसा विश्वास नहीं होता, मगर समय बलवान है।
मैं बस यही कहना चाहूँगा कि अगर दुनिया में कोई एक सच्ची चीज है, तो वह है मित्रता। हमेशा मित्रता की चादर ओढ़े रखिए, आपके ऊपर कभी कोई संकट के बादल नहीं मँडराएंगे। अगर मित्रता सच्ची हो तो कृष्ण आपके सारथी भी बने सकते हैं, अगर आप सुदामा है तो वो आपके पैर भी धो सकते हैं। आप भले ही कितने ऊँचे से ऊँचे पद पर पहुँच जाएं मगर अभिमान कभी मत पालिए। क्योंकि समय एक पल में अपना खेल दिखा सकता है। रिश्तों की कद्र करिए। मुझे खुशी है किआज मैंने 'व्हाट्स-अप ग्रुप' के जरिये अनेक पुराने मित्रों को खोज निकाला है। जब उनसे बात करता हूँ तो खुशी दोगुनी हो जाती है। आप भले ही जीवन में कितने व्यस्त हो, मित्रों के लिए समय अवश्य निकालिए। उनसे मिलते रहिए। कोई किसी से न कुछ लेगा, न किसी को कुछ देगा, बस मिलना-जुलना ही पर्याप्त है। मित्रों के साथ बैठकर दो रोटी खाईए, आत्मीयता के फूल अपने आप खिल जाएंगे।
मुझे ज्ञात हुआ कि मेरा खण्डेलवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम हो गया है। इसके लिए मैं विद्यालय कमेटी सदस्यों, मेरे ही पुराने मित्र और इस विद्यालय के प्राचार्य श्री कुशलपाल सिंह को धन्यवाद देना चाहूँगा, जिनके अथक प्रयासों से यह संभव हो सका। मैं ईश्वर से प्रार्थना करूँगा कि विद्यालय अपने अतीत के गौरव को पुन: स्थापित करें और फिर से नई बुलंदिया छूएं। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ !

Chartered Accountant
CA Pushpendra Khandelwal
Partner Of Khandelwal And Associates Jaipur
Mob:- 9414058925

# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

## From Alumni's Desk



किशन जौहरी
भूतपूर्व विद्यार्थी (बैच 1982)

मैं किशन जौहरी मन तो करता है उस पल को वापिस जी कर आऊँ। मगर गुजरा हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता।
तीस साल पहले जिस खण्डेलवाल स्कूल छोड़ा था, किसी भी विद्यार्थी के लिए स्कूल के यादगार दो पल होते हैं एक इण्टरवेल ओर दूसरी छुट्टी। यही वो पल होते हैं, जब आप अपने खास दोस्तों के साथ शरारतें करते हैं, खूब सारी बातें करते हैं, अध्यापकों की बातें करते हैं, क्लास-रूम की बातें करते हैं, पढ़ाई की बातें करते हैं, बेमतल की शर्तें लगाते हैं, जेब में पैसे होते हुए भी दूसरे दोस्त को चीज खिलाने के लिए कहते हैं। मैं बस यहीं कहना चाहूँगा कि अगर दुनिया में कोई सच्ची चीज है। तो वह हैं मित्रता।

दोस्तों के कारण ही विद्यालय के सहपाठी बसन्त से मिलने उसके जन्म दिन पर विदेश तक गया वह मित्र मुझे आज तक याद हैं। आज विद्यालय से उस समय के शिक्षा प्राप्त सैंकड़ों विद्याथी देश-विदेश में अपनी उपलब्धियों और बेहतरीन कार्यो से स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। मेरी भी आज आनन्द इन्जिनीयरिंग वर्क्स के नाम से अपनी फर्म हैं जिसमें कि में नगीनो की मशीनों का निर्माण करता हूँ तथा देश विदेश तक निर्यात करता हूँ। मेरा भी विद्यालय से एक विशेष लगाव हैं।

मुझें ज्ञात हुआ कि मेरा खण्डेलवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम हो गया है। इसी लिए मैं विद्यालय कमेटी सदस्यों, मेरे ही पुराने मित्र और इस विद्यालय के प्राचार्य श्री कुशलपाल सिंह को धन्यवाद देना चाहूँगा, जिनके अथक प्रयासों से यह संभव हो सका। मैं ईश्वर से प्रार्थना करूँगा कि विद्यालय अपने अतीत के गौरव को पुनः स्थापित करें और फिर से नई बुलंदिया छूएं इन्हीं शुभकामनाओं के साथ! मैं खण्डेलवाल विद्यालय के लिए सदैव तत्पर रहूगा, जब भी विद्यालय को मेरी जरूरत पडे मे अपनी कार्य क्षमताओं से बढकर मैं उसके लिए सदैव तत्पर हूँ।

## Our Vertical



Edition : 4
Date : 25 June 2021
विक्रमी संवत् 2078 युगाब्द 5123
आषाढ कृष्ण एकम
khandelwalschool.com
The KVC Voice
By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School






# The KVC Voice

By Shree Khandelwal Vaishya Central Senior Sec. School

